Regarding environmental pollution in Etah Parliamentary Constituency-Laid

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** मेरी लोकसभा एटा, कासगंज में जल, वायु और मृदा प्रदूषण की स्थिति बहुत दयनीय है । यहाँ पर न्योली शुगर मिल, सोरों नगरिया, दाऊजी इस्पात फैक्टरी, कासगंज, मुरलीकृष्णा चकोरी फैक्टरी, एटा, हिंदुस्तान लिवर लिमिटेड, एटा, नौवा फैक्टरी, कासगंज, द्वारा जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है उससे यहाँ के आसपास की जीवन प्रणाली पर खासा प्रभाव पड़ रहा है । कैंसर और अस्थमा जैसी बीमारियों के कारण कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है । कई बार किसान संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया परंतु संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई । मेरा सरकार से अनुरोध है कि उच्च स्तरीय जांच टीम बनाकर इन फैक्ट्रियों की जनहित में जांच करा कर इनके विरुद्ध जनहित में उचित कार्रवाई कराई जाए । यहाँ पर फसलों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है ।

____